PART-1

# पुनर्जागरण काल की भौगोलिक उपलब्धियाँ

भाग:-2

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल विभाग

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

## पुनर्जागरण काल की भौगोलिक उपलब्धियाँ (Geographical Achievements in Renaissance Period)

पुनर्जागरण काल की मुख्य तीन भौगोलिक उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं:-

### 2. मानचित्र कला का विकास-

पुनर्जागरण काल में मानचित्र कला के क्षेत्र में कई सुधार हुए और नवीन विधियों को विकसित किया गया। मरकेटर, पीटर एपियन, सेबस्टियन मुस्टर आदि इस युग के प्रमुख मानचित्रकार थे। मानचित्र कला में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान मरकेटर का माना जाता है जिसने शुद्ध आकृति बेलनाकार प्रक्षेप (मरकेटर प्रक्षेप) का निर्माण किया था शुद्ध दिशा प्रक्षेप (True bearing projection) होने के कारण यह नाविकों के लिए अति उपयोगी सिद्ध हुआ।